# मीडिया महोत्सव-2018 का सफल आयोजन

## मीडिया महोत्सव में शरीक हुए देश भर के मीडिया जगत से जुड़े लोग

**भोपाल-म.प्र.।** विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'मीडिया महोत्सव-2018' का सह आयोजक रहा ब्रह्माकुमारीज गुलमोहर कॉलोनी सेवाकेन्द्र। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से **ब्र.कु. रीना** ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है, और उसकी समाज के प्रति जवाबदारी भी है। वो जैसी खबरों का रूप रंग बनाकर समाज में परोसता है, वैसी ही समाज की धारणाएं बनती हैं। अत: मीडिया



मीडिया महोत्सव-2018 के कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. रीना।

को समाज में मूल्यों को बढ़ावा देने वाली खबरों को उसी ढंग से प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ का मीडिया प्रभाग मीडियाकर्मियों में आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से मूल्यनिष्ठ मीडिया के प्रति जागृति दिलाता है। हम सभी चाहते हैं कि समाज में समरसता, सद्भावना बनी रहे, तो मूल्यों के प्रति जागृत होना ही होगा। **प्रो. कमल दीक्षित,संयोजक, मुल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति** ने कहा कि समाज के निर्माण में कलम की महत्वपूर्ण भूमिका है। ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता का कोर्स भी हमने तैयार किया है ताकि मीडियाकर्मी मूल्यों के प्रति जागरुक हों और समाज में भी उसी दिशा में कार्य के प्रति जागृति फैलायें। इसके लिए मूल्यानुगत मीडिया के सैंकड़ों सदस्य इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। मैं आह्वान करता हूँ कि हम सब, आप भी इस तरह की पत्रकारिता के लिए आगे आयें। तब ही अपने सपनों का भारत बनाने में हम मीडियाकर्मी भी अपना योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आये जिनका ब्र.कु. रीना ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी. ज द्वारा विशेष मीडिया प्रदर्शनी लगाई तथा विभिन्न प्रदर्शनियों


कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत करते हुए ब्र.कु. रीना।

के माध्यम से देशभर के मीडिया कर्मियों को ईश्वरीय संदेश के साथ संस्था एवं मीडिया वर्ग की सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में देशभर के मीडिया जगत से जुड़े लोगों सहित विभिन्न हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से शोभा बढ़ाई।

# 'प्रभु उपहार' का जनता को उपहार


सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. रुक्मणि। साथ है ब्र.कु. अवधेश बहन, ब्र.कु. भारतभूषण, ब्र.कु. आशा तथा अन्य।

**ग्वालियर-म.प्र.।** ब्रह्माकुमारीज़ की शाखा माधवगंज में स्थित 'प्रभु उपहार भवन' के उद्घाटन कार्यक्रम में माउंट आबू से आईं **ब्र.कु. रुक्मणि** ने सेवाकेन्द्र के निर्माण प्रति हर्ष ज़ाहिर करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य जन सामान्य को मानवीय मूल्यों की शिक्षा देना एवं उनको आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना है। जिसका लाभ स्थानीय लोगों को अधिकतर मिलेगा।

**भोपाल ज़ोन की निदेशिका ब्र.कु. अवधेश बहन** ने कहा कि अगर हम सभी दानी वरदानी बनकर संकल्प लें और दूसरों के प्रति शुभ भावना और शुभकामना रखें तो हम ख़ुशी का और शांति का अनुभव कर सकेंगे।

**पानीपत से आये ब्र.कु. भारतभूषण** ने कहा कि हमेशा अच्छे कार्य करते चलें और आगे बढ़ते रहें। जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, उनसे घबराएं नहीं, बल्कि परीक्षा समझकर उन्हें पास करें, किसी बात की चिंता ना करें, सब भगवान के ऊपर छोड़कर खुद निश्चिंत रहे।

**माउंट आबू से आईं ब्र.कु. आशा** ने बताया कि जिस प्रकार गुलदस्ते को बनाने के लिए फूलों के साथ साथ, पत्तियां, धागा एवं अन्य चीज़ों की ज़रूरत होती है, उसी प्रकार आध्यात्मिक कार्य करने के लिए हरेक की आवश्यकता पड़ती है चाहे बड़ा हो या छोटा, अमीर हो या गरीब, सबके सहयोग से ही हम इस संसार को स्वर्ग बना सकते हैं। इस अवसर पर ग्वालियर क्षेत्र की सभी बहनों ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन ब्र.कु. ज्योति,लश्कर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में ब्र.कु. डॉ. गुरचरण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सी.ए. एवं कं. सेक्रेट्री हेतु सफल आयोजन

**ओ.आर.सी.-गुरूग्राम।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चार्टर्ड एकाउंटेंट्स एवं कंपनी सेक्रेटरीज़ के लिए 'कार्यक्षेत्र में आध्यात्मिक शक्तियों का उपयोग' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अलग-अलग कार्यशालाओं के माध्यम से सभी ने आध्यात्मिक मूल्यों के चिन्तन के साथ-साथ आपस में चर्चा भी की। सबने माना कि वर्तमान समय की परिस्थितियों के अनुसार राजयोग के अभ्यास से ही जीवन में सुख-शान्ति बनी रह सकती है। कार्यक्रम में ओ.आर.सी. निदेशिका ब्र.कु. आशा ने कहा कि भौतिक आकर्षण ही वास्तव में अशान्ति का मूल कारण है। उन्होंने कहा कि जैसे हम पैसों का हिसाब रखने के लिए एकाउंट पर बहुत ध्यान देते हैं, ठीक वैसे ही अगर हम अपने कर्मों के एकाउंट पर भी ध्यान दें तो कर्म स्वत: ही श्रेष्ठ बनेंगे। हम जो भी अपने लिए करते हैं वो हमारे साथ नहीं जाता बल्कि जो हम दूसरों के लिए करते हैं वो हमारे साथ जाता है। जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी ने कहा कि परिस्थितियों का सामना करने के लिए आन्तरिक शक्तियों का विकास ज़रूरी है। राजयोग के द्वारा ही हम आन्तरिक शक्तियों को बढ़ा सकते हैं। सकारात्मक चिन्तन से हमारा मन शक्तिशाली बनता है। जितना हमारा मन शक्तिशाली होगा उतना ही हम गलत कर्मों से बच सकते हैं। दूसरों को कन्ट्रोल करने की कोशिश न करें। हम अपने संयमित जीवन से ही दूसरों को प्रेरित कर सकते हैं। कार्यक्रम में दिल्ली एवं एन. सी.आर. से 500 से भी अधिक लोगों ने भाग लिया।


कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. आशा तथा राजयोग की गहन अनुभूति कराते हुए ब्र.कु. शिवानी।

# सिरसा में ब्रह्माकुमारीज की 82वीं वर्षगाठं मनायी गई धूमधाम से

**सिरसा-हरियाणा।** ब्रह्माकुमारीज़ के सद्भावना भवन द्वारा ब्रह्माकुमारी संस्था की 82वीं वर्षगाठं के अवसर पर **माउंट आबू से आईं ब्र.कु. उर्मिला** ने कहा कि आज से करीब आठ दशक पूर्व परमात्मा के द्वारा समाज से नकारात्मकता को समाप्त करने के उद्देश्य से इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। जो कि आज विश्व के पाँचों महाद्वीपों के एक सौ तीस देशों में मानव मूल्यों को स्थापित करने की दिशा में बखूबी कार्य कर रहा है। जो कि समस्त मानवता के लिए उच्चतम कार्य है। कार्यक्रम में **फतेहाबाद से आये ब्र.कु. मदन लाल** ने कहा कि यह केवल संस्था ही नहीं, बल्कि एक ईश्वरीय परिवार है, जिसका समाज का सभी वर्ग हिस्सा है। बहनों द्वारा



दीप प्रज्वलित करते हुए ब्र.कु. उर्मिला, माउण्ट आबू, ब्र.कु. मदन लाल व अन्य।

समय-समय पर ज्ञान के माध्यम से आत्म जागृति, परमात्म जागृति एवं सामाजिक चेतना के कार्यक्रमों का आयोजन मार्ग दर्शना के रूप में किया जाता है। कार्यक्रम में जिला जेल अधीक्षक अमित भादू, हरियाणा महिला विकास निगम की चेयरपर्सन रेणु शर्मा, पर्यटन विभाग हरियाणा के चेयरमैन जगदीश चोपड़ा, हनुमानगढ़ से ब्र.कु. शीला दीदी ने शुभकामनाएं दीं एवं ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन को अति महत्वपूर्ण बताया। ब्र.कु. सुभाष ने समस्त सिरसावासियों को वर्षगांठ की बधाई दी। इस अवसर पर नगरपरिषद की चेयरपर्सन शीला सहगल, नवीन केडिया, वीरभान मेहता, डॉ. विरेन्द्र मेहता, डॉ. किरण मित्रा, ब्र.कु. शम्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन ब्र.कु. रामनिवास ने किया एवं सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रीति ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SRO/9623/18-20, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2018-20, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 12th Apr 2018
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं अमर उजाला प्रेस द्वारा मुद्रित।